# सरोजनीनगर में 85 करोड़ से लगेगी वेयर हाउसिंग इकाई

## नई लॉजिस्टिक नीति के तहत पहले निवेश प्रस्ताव को मिली मंजूरी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक नीति-2018 के अंतर्गत पहले निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह वेयरहाउसिंग इकाई सरोजनी नगर के भडकापुर गांव में 86,000 वर्ग मीटर में स्थापित होगी। इस पर करीब 85 करोड़ रुपये निवेश होगा।

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित प्राधिकार प्राप्त समिति की संस्तुति पर नानक लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी है। महाना ने बताया कि वेयरहाउसिंग सप्लाई चेन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे केंद्रीकृत भंडारण सुविधा उपलब्ध होती है। खासतौर से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के लिए बेहतर इन्वेंट्री प्रबंधन के साथ औद्योगिक इकाइयों में निर्मित उत्पादों की सुगम पैकिंग, वितरण व डिलीवरी सुनिश्चित होती है। अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने बताया कि अब तक 438 करोड़ रुपये के 6 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें से सरकार की स्वीकृति प्राप्त करने वाली यह पहली परियोजना है। ग्रेटर नोएडा में मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब और मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब का करीब 3,884 करोड़ रुपये की लागत से विकास होगा।